4-68
19/9/12

खण्ड : 1 संख्या : 8,9,10,11

# दशम् बिहार विधान-सभा वादवृत्त

(प्रथम सत्र)

(भाग-2 कार्यवाही प्रश्नोत्तर रहित)

सत्यमेव जयते

| | | |
|---|---|---|
| मंगलवार, दिनांक | : | 27 मार्च 1990 ई० |
| बुधवार, दिनांक | : | 28 मार्च 1990 ई० |
| वृहस्पतिवार, दिनांक | : | 29 मार्च 1990 ई० |
| शुक्रवार, दिनांक | : | 30 मार्च 1990 ई० |

## (झ) सजा अवधि पूरी हो जाने के बाद भी बंदी

**श्री विजय शंकर पाण्डेय** : अध्यक्ष महोदय, बिहार राज्य के विभिन्न कारा एवं भागलपुर केन्द्रीय कारा में, हजारों उम्र कैदी सजा की अवधि को समाप्ति के बाद भी, जेलों में पड़े हुए हैं । राज्य सरकार द्वारा सर्वोच्च न्यायालय को सूचित किया गया था कि वैसे कैदियों को एक माह के अन्दर मुक्त करने का प्रस्ताव कारा अधीक्षकों को दिया जा चुका है, जो अब तक पालन नहीं हो सका है । जिसे काफी असंतोष व्याप्त है । इसपर सरकार शीघ्र कार्रवाई करे ।

## (ञ) किसानों को गन्ना मूल्य का भुगतान नहीं

**रामाधार सिंह**:- अध्यक्ष महोदय, गया जिला अन्तर्गत गुरारू चीनी मील के प्रबंधन द्वारा किसानों का गन्ना वर्ष 1989 में खरीद किया गया, लेकिन किसानों को उक्त गन्ने के कीमत का भुगतान अभी तक नहीं मिल पाया है, जिससे किसानों में आक्रोश है । सरकार शीघ्र हस्तक्षेप कर उक्त किसानों के गन्ने का मूल्य का भुगतान करावें ।

## (ट) जलावन के कोयले का अभाव

**श्री देव दयाल** : अध्यक्ष महोदय, हजारीबाग नगर में जलावन कोयले की काफी किल्लत है । उपभोक्ता को पिछले महीनों से बहुत कम जलावन कोयला मिल पाता है, जिससे कई शाम चूल्हा भी नहीं जल पाता । दूकानदारों को उचित जाँच पड़ताल कर पूर्ण रूप से जलावन कोयले की आपूर्ति किया जाय ।